# SCHOOL IN NEWS

## डीएवी पब्लिक स्कूल सैक्टर 39 डी चंडीगढ़ में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया बैसाखी पर्व




चंडीगढ़ (कल्पना वशिष्ठ)। [illegible]

## डीएवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया बैसाखी त्यौहार




**आज समाज नेटवर्क** चंडीगढ़। शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल सैक्टर 39 डी चंडीगढ़ परिसर में बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में हुई नृत्य प्रतियोगिता में कई बच्चों ने भाग लिया। जिसमें तीन कैटागिरी रखी गई। निर्णायक गण ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए प्रथम द्वितीय और तृतीय इनाम के भागीदार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी ने बच्चों को जलियांवाला बाग कांड, खालसा पंथ की सृजना तथा कृषक जन द्वारा की गई मेहनत से अवगत कराया। उन्होंने विद्यालय के सभी कर्मचारियों, अध्यापक गण, अभिभावकों और बच्चों को इस पर्व की बधाई दी।

## सेक्टर–39डी के डीएवी पब्लिक स्कूल में जश्न



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर–39डी चंडीगढ़ परिसर में बैसाखी पर्वबड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में हुई नृत्य प्रतियोगिता में कई बच्चों ने भाग लिया, जिसमें तीन कैटागिरी रखी गई। निर्णायक गण ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए प्रथम द्वितीय और तृतीय इनाम के भागीदार छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने बच्चों को जलियांवाला बाग कांड, खालसा पंथ की सृजना तथा कृषक जन द्वारा की गई मेहनत से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यालय के सभी कर्मचारियों, अध्यापकगण, अभिभावकों और बच्चों को इस पर्व की बधाई दी।

## अलंकरण समारोह से महका डीएवी 31 डी का प्रांगण




चंडीगढ़। सोमवार को सुबह विशेष प्रार्थना सभा में 30 सदस्यीय स्टूडेंट काऊंसिल का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को बैज और शैशे पहना कर अलंकृत भी किया गया। विद्यालय की हैड गर्ल गुनीशा और हैड बॉय सांवर मल्होत्रा को विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी ने शैशे और बैजेस पहना कर उन्हें विद्यालय की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त चार हाऊसस् - अभ्यास हाउस , ज्योति हाउस , निष्ठा हाउस और स्वयं प्रभा हाउस के कप्तान और उपकप्तान , क्रीड़ा कप्तान और क्रीड़ा उपकप्तान। इसके अतिरिक्त चारों हाउस के चयनित प्रफेक्ट सदस्यों को बैज और शैशे पहनाकर सम्मानित किया। श्रीमती वोहरा ने सभी बच्चों को शपथ ग्रहण के बाद बधाई दी और यह कहा कि अनेकता में एकता की भावना को संजोकर विद्यालय विकास के लिए कार्य करें और कर्तव्यनिष्ठ बने रहें।

# अलंकरण समारोह से महका डीएवी प्रांगण




चंडीगढ़(कल्पना वशिष्ठ)। सोमवार को सुबह विशेष प्रार्थना सभा में 30 सदस्यीय स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को बैजेस और शैशे पहना कर अलंकृत भी किया गया। विद्यालय की हैड गर्ल गुनीशा और हैड ब्वॉय सांवर मल्होत्रा को विद्यालय की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने शैशे और बैजेस पहना कर उन्हें विद्यालय की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त चार हाउसस अभ्यास हाउस, ज्योति हाउस, निष्ठा हाउस और स्वयं प्रभा हाउस के कप्तान और उपकप्तान, क्रीड़ा कप्तान, खेल कप्तान और क्रीड़ा उपकप्तान इसके अतिरिक्त चारों हाउस के चयनित प्रीफेक्ट सदस्यों को बैजेस और शैशे पहनाकर सम्मानित किया। वोहरा ने सभी बच्चों को शपथ ग्रहण के बाद बधाई दी और यह कहा कि अनेकता में एकता की भावना को संजोकर विद्यालय विकास के लिए कार्य करें और कर्तव्यनिष्ठ बने रहें।

# अलंकरण समारोह से महका स्कूल प्रांगण




चंडीगढ़| डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-39 में सोमवार सुबह प्रार्थना सभा में 30 सदस्यीय स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को बैजेज पहनाए गए। स्कूल की हेड गर्ल गुनीशा और हेड बॉय सांवर मल्होत्रा को प्रिंसिपल मनिंदर वोहरा ने शैशे और बैजेज पहनाकर उन्हें स्कूल की जिम्मेदारियों के बारे में बताया। इसके अलावा चार हाउसेस अभ्यास हाउस, ज्योति हाउस, निष्ठा हाउस, स्वयं प्रभा हाउस के कप्तान और उपकप्तान स्पोर्ट्स कैप्टन, वाइस कैप्टन को भी बैजेज और शैशे पहनाए गए। प्रिंसिपल ने सभी शपथ के बाद बधाई दी।

# DAV Public School, Sec 39-C, Chd

The school celebrated World Earth Day to sensitise students to environment conservation. A special assembly was conducted where students spoke on World Earth Day. 'Best out of waste' competition was conducted in various classes. Principal Maninder Vohra urged the students to take measures to conserve nature and environment to make Earth a better place to live.




# अलंकरण समारोह से महका डी.ए.वी. प्रांगण

चंडीगढ़, 30 अप्रैल (आशीष): सैक्टर-39 स्थित डी.ए.वी. स्कूल में सुबह विशेष प्रार्थना सभा में 30 सदस्यीय छात्र काउंसिल का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को बैज और शैशे पहना कर अलंकृत भी किया गया।

विद्यालय की हैड गर्ल गुनीशा और हैड ब्वाय सांवर मल्होत्रा को प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने शैशे और बैजेस पहना कर उन्हें विद्यालय की जिम्मेदारियों से अवगत कराया।




*प्रिंसीपल मनिंदर वोहरा छात्रों के साथ।*

## पेंटिंग-पोस्टर से बताया पृथ्वी दिवस का महत्त्व



**चंडीगढ़।** डीएवी पब्लिक स्कूल-39 डी में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य धरती के हो रहे दोहन को रोकना और वातावरण को संरक्षित करने के लिए सभी को जागरूक करना है। बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग तथा बेकार चीजों में से उत्तम चीज़ें बनाई गई। बच्चों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा जी ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया और उसका क्या महत्व है, इसके बारे में बताया।

## डीएवी में विश्व पुस्तक दिवस पर छात्रों किया प्रोत्साहित



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल 39डी में "विश्व पुस्तक दिवस" पर छात्रों को प्रोत्साहित किया गया, जिसमें पुस्तकों के सभी स्वरूपों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो हमारे ज्ञान में वृद्धि करती हैं। बच्चों को दुनिया भर में विकास के ऐतिहासिक स्रोतों का प्रदर्शन और जानकारी दी गई। छात्रों को साहित्यिक महत्व के बारे में भी प्रोत्साहित किया गया और सभी को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा जी ने छात्रों में पुस्तकों के मूल्यों को विकसित किया और इसके महत्व से अवगत करवाया।

## डीएवी 39 डी में धूमधाम से मनाया "मातृ दिवस"

चंडीगढ़। डीएवी 39डी ने "मातृ दिवस" को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दिल को छू लेने वाली शानदार प्रस्तुतियां पेश करके सभी का मन मोह लिया तथा भावनाओं से वातावरण को आत्मीयता, कृतज्ञता, प्रशंसा तथा हर्षोल्लास से भर दिया। रैंप-वॉक, गायन, एकल और समूह नृत्य, कविता गायन, पौष्टिक सलाद चुनौती और खेल जैसी कई गतिविधियाँ इस कार्यक्रम का हिस्सा थीं। प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी ने किंडरगार्टन की सभी माताओं की सराहना की जो विभिन्न गतिविधियों में कार्यक्रम का हिस्सा बनीं और एक माँ के असीम अनुभव को भी साझा किया।




## डीएवी 39 डी में धूमधाम से मनाया गया 'मातृ दिवस'




**चंडीगढ़(एचकेएस ब्यूरो)।** डीएवी 39डी ने 'मातृ दिवस' को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दिल को छू लेने वाली शानदार प्रस्तुतियां पेश करके सभी का मन मोह लिया तथा भावनाओं से वातावरण को आत्मीयता, कृतज्ञता, प्रशंसा तथा हर्षोल्लास से भर दिया। रैंप-वॉक, गायन, एकल और समूह नृत्य, कविता गायन, पौष्टिक सलाद चुनौती और खेल जैसी कई गतिविधियाँ इस कार्यक्रम का हिस्सा थीं। प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी ने किंडरगार्टन की सभी माताओं की सराहना की जो विभिन्न गतिविधियों में कार्यक्रम का हिस्सा बनीं और एक माँ के असीम अनुभव को भी साझा किया।

# डीएवी 39डी में धूमधाम से मनाया 'मातृ दिवस'



चंडीगढ़। डीएवी 39डी ने 'मातृ दिवस' को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दिल को छू लेने वाली शानदार प्रस्तुतियां पेश करके सभी का मन मोह लिया तथा भावनाओं से वातावरण को आत्मीयता, कृतज्ञता, प्रशंसा तथा हर्षोल्लास से भर दिया। रैंप वॉक, गायन, एकल और समूह नृत्य, कविता गायन, पौष्टिक सलाद चुनौती और खेल जैसी कई गतिविधियां इस कार्यक्रम का हिस्सा थीं। प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने किंडरगार्टन की सभी माताओं की सराहना की जो विभिन्न गतिविधियों में कार्यक्रम का हिस्सा बनीं, एक मां के असीम अनुभव को भी साझा किया।



**डी.ए.वी.-39 में स्प्लेश पूल पार्टी**

चंडीगढ़, 21 मई (आशीष): सैक्टर-39 स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन करवाया। छोटे-छोटे बच्चों ने मुस्कुराते चेहरों और हंसी ठिठोली के साथ गतिविधि में भाग लिया। वोहरा ने बताया कि इस गतिविधि का मुख्य कारण बच्चों को गर्मी से निजात दिलाना और दूसरा वाटर फोबिया से दूर करना है, ताकि वे आत्मविश्वासी बनें।

## डीएवी 39 हेड मनिंदर वोहरा का बच्चों के विकास लिए एक और कार्यक्रम



चंडीगढ़। सेक्टर 39डी के डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नए कार्यक्रम होते रहते हैं। प्रधानाचार्य मनिंदर वोहरा के आने के बाद स्कूल को तरक्की के पंख लग गए हैं। सीबीएसई ने भी हाल ही स्कूल को माध्यमिक स्कूल का दर्जा दे दिया है। आज पूल पार्टी हुई। कहते हैं कि जिनके लिए तैरना सांस लेने जैसा है, वे जीवन दर्शन भी यहीं से सीखते हैं तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं, इन्हीं पंक्तियों को मन में संजोए हुए डीएवी पब्लिक स्कूल सैक्टर 39 डी चंडीगढ़ की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा ने विद्यालय के अंतर्गत स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन करवाया। गर्मी से राहत पाने के लिए छोटे-छोटे बच्चों ने अपने मुस्कुराते चेहरों और हंसी ठिठोली की आवाजों के साथ इस गतिविधि को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया। मनोरंजन से भरपूर संगीत के साथ-साथ बच्चों के छोटे-छोटे हाथों से पानी की छप-छप की आवाजें हर एक मौजूद व्यक्ति को उसके बचपन की ओर ले जा रही थी। श्रीमती वोहरा ने बताया कि इस गतिविधि का मुख्य कारण एक तो बच्चों को गर्मी से निजात दिलाना और दूसरा वाटर फोबिया से दूर करना ताकि वे आत्मविश्वासी बनें।

## योग मन और शरीर की एकता का प्रतीक



चंडीगढ़। शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है योग। खुद को खुद से मिलने का मौका है योग। योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है। यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। ऐसा डीएवी पब्लिक स्कूल-39 डी चंडीगढ़ की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा का मानना है। इन्हीं विचारों को मद्दे नजर रखते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल 39डी चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

## 'योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन'



चंडीगढ़ दिनभर, चंडीगढ़

योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है। यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। योग हमारी जीवन शैली को बदलकर और चेतना पैदा करके, सब की भलाई में मदद करता है। ऐसा डी ए वी पब्लिक स्कूल 39 डी चंडीगढ़ की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा का मानना है। इन्हीं विचारों को मद्दे नजर रखते हुए आज दिनांक 21 जून, शुक्रवार को डी ए वी पब्लिक स्कूल 39 डी चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। डॉ. शिवाली अरोड़ा जी की अगुवाई में कराया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा, विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, अध्यापक गण एवं अन्य सहकर्मियों ने भाग लिया। डॉ. शिवाली ने बताया कि योग समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए सद्भाव और संतुलन बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

यह एक अभ्यास है जो मन और शरीर को आराम देने और लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

## बिना वृक्ष के नहीं हो सकता कल्याण : वोहरा



[illegible]

## बिना वृक्ष नहीं कल्याण ब्यूरो चंडीगढ़ कहते हैं सब वेद पुराण, बिना वृक्ष के नहीं कल्याण

चंडीगढ़। पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए डी ए वी पब्लिक स्कूल सैक्टर 39 डी में वन महोत्सव सप्ताह संपन्न हुआ। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य देश में होने वाली प्राकृतिक आपदाओं से मुक्त होना था। इसलिए डी ए व पब्लिक स्कूल सैक्टर 39 डी की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी ने पर्यावरण संरक्षण का सबसे पहला कदम बच्चों एवं उनके अभिभावकों के सौजन्य से "कार पूल"शुरू करने के लिए कहा। यह जहां एक और पेट्रोल की बचत करता है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी सुरक्षित करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान एवं सामाजिक विषय से संबंधित कई प्रोजेक्ट वर्क की प्रदर्शनी लगाई जिसका मुख्य उद्देश्य प्रैक्टिकल शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना था।



## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल,सैक्टर 39-डी में ब्लू डे मनाया



चंडीगढ़। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सैक्टर 39 डी चंडीगढ़ के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ब्लू डे बहुत उत्साह के साथ मनाया। बच्चों ने नीले रंग की पोशाक पहनी और नीले रंग के बारे में कविताएँ, गाने, नीली व्हेल, डोरेमोन और नीली नाव बनाने जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने पंचतंत्र की कहानी "द ब्लू फॉक्स" का आनंद लिया। बच्चों द्वारा लाई गई नीली वस्तुओं को दिखाने और बताने की गतिविधि में दिखाया गया। नियोजित इन-क्लास गतिविधियों ने नन्हे-मुन्नों को न केवल अभिनव खेल सीखने में सक्षम बनाया, बल्कि उनके तार्किक और तर्कशील दिमाग को भी बढ़ाया। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी ने कार्यक्रम की सफलता और छात्रों की रचनात्मकता की प्रशंसा की।

## डी.ए.वी पब्लिक स्कूल 39 डी के अरमान ने जीता कांस्य पदक



चंडीगढ़(एचकेए ब्यूरो)। हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि डीएवी स्कूल के कक्षा सात के प्रतिभाशाली छात्र मोहम्मद अरमान ने हाल ही में इंटर स्कूल स्टेट टूर्नामेंट 2024-25 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कराटे के लिए अंडर-14 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, अरमान ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, और कांस्य पदक जीता।स्कूल की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा जी ने अरमान तथा उनके माता-पिता को बधाई दी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया ब्लू डे

चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-39डी चंडीगढ़ के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ब्लू डे बहुत उत्साह के साथ मनाया। बच्चों ने नीले रंग की पोशाक पहनी और नीले रंग के बारे में कविताएं, गाने, नीली व्हेल, डोरेमोन और नीली नाव बनाने जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने पंचतंत्र की कहानी ब्लू फाक्स का आनंद लिया। बच्चों द्वारा लाई गई नीली वस्तुओं को दिखाने और बताने की गतिविधि में दिखाया गया। नियोजित इन क्लास गतिविधियों ने नन्हे-मुन्हे को न केवल अभिनव खेल सीखने में सक्षम बनाया बल्कि उनके तार्किक और तर्कशील दिमाग को भी बढ़ाया। स्कूल की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने कार्यक्रम की सफलता और छात्रों की रचनात्मकता की प्रशंसा की।

## स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप: अंश कुमार ने जीता खिताब



सभी वर्गों के विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी और एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र महाजन के साथ। (परमजीत)

### स्पोर्ट्स काम्पलैक्स-38 में खेले गए मुकाबले में अभिजय को हराया

चंडीगढ़, 4 अगस्त (ब्लल): लड़कों के अंडर-13 आयु वर्ग के फाइनल मैच में अंश कुमार ने अभिजय आनंद को 2-0 से हराकर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा किया। स्पोर्ट्स काम्पलैक्स-38 में खेले गए मुकाबले में अंश कुमार ने अभिजय को पहले सेट में 21-14 व दूसरे सेट में 21-13 से मात दी।

लड़कियों के इसी आयु वर्ग में दिव्यनूर कौर ने अपनी रीप को 21-18 व 21-15 से मात देकर खिताब अपने नाम किया। लड़कों के अंडर-15 आयु वर्ग के फाइनल मैच में गुरताज सिंह ने अयान को 22-20, 21-18 तथा लड़कियों के इसी वर्ग में रिद्धिमा ने जया वर्मा को 21-09 व 21-06 से पराजित कर खिताब जीता। लड़कों के अंडर-17 आयु वर्ग में राणा रुद्र प्रताप सिंह ने सुखदेव को 17-21, 21-13 तथा 21-08 तथा लड़कियों के इसी वर्ग में रिद्धिमा सैणी ने वंशिका को 21-15 व 21-05 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया।

डबल्स मिक्स इवेंट में राणा रुद्र प्रताप सिंह व वंशिका की जोड़ी ने सुखदेव व वंशिका की जोड़ी को 21-18 व 21-17 से मात देकर खिताब जीता।



अंश अपने खिताब के साथ।

### रिद्धिमा सैणी और राणा रुद्र प्रताप को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड

लड़कियों के वर्ग में स्पोर्ट्स काम्पलैक्स-38 की रिद्धिमा सैणी व लड़कों में राणा रुद्र प्रताप सिंह को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान [illegible] लिमिटेड की डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र महाजन ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# Ans, Divnoor win U-13 badminton titles

TRIBUNE NEWS SERVICE

CHANDIGARH, AUGUST 4

Ans Kumar Khare and Divnoor Kaur won the boys' and girls' U-13 titles, respectively, on the concluding day of the Chandigarh State Badminton Championships at the Centre of Excellence for Badminton, Sector 38 Sports Complex.

In the boys' U-13 final, Ans outplayed 5th seed Abhijay Anand 21-14 21-13, while Divnoor toppled top seed Avani Rai 21-18 21-15 in the girls' final.

Top seed Gurtaaj Singh won the boys' U-15 final after facing a tough challenge from Ayaan Marwaha 22-20 21-18 and Ridhima Saini won the girls' title by defeating Jaya Verma 21-9 21-6. Rana Rudhra Pratap Singh recorded a stunning 17-21 21-13 21-8 comeback win over 3rd seed Suryansh Raghav to win the boys' U-17 final.

Ridhima won her second gold of the tournament by defeating Vanshika 21-15 21-5 in the girls' final.

The team of Abhijay and Ans won the boys' U-13 doubles final by logging a 21-15 21-10 win over Girivar and Mudit Bhansali. Divnoor and Hargun Kaur won the girls' doubles final as they defeated Pawani Verma and Sirat Baidwan 21-15 22-20.

Anika and Guneet won the girls' U-15 doubles title by defeating Jaya Verma and Kabit Anhad Kaur Dhiraj 21-19 21-16, whereas the pair of Aarush and Tusya faced a tough resistance before defeating Ayaan Marwaha and Gurtaaj 21-15 18-21 21-15 in the boys' doubles final.

Anu Priya and Ridhima defeated Tashvi Goel and Vanshika 21-13 14-21 21-13 in the girls' doubles U-17 final. After a neck-and-neck fight, Gurtaaj and Kabit defeated Ayaan and Jaya 21-19 15-21 21-16 to win the mixed doubles U-15 final.

The team of Rana Rudhra Pratap Singh and Tanishka Nandal won the mixed doubles U-17 final by defeating Suryansh Raghav and Vanshika 21-18 21-17. Aditya Kohli and Suryansh won the boys' doubles U-17 final by easily overpowering Rana Rudhra Pratap Singh and Vaibhav Giri 21-15 21-16.

As many as 300 players participated in the championship, said Surinder Mahajan, honorary general secretary, Chandigarh Badminton Association. He added, "The Chandigarh State teams of these categories will be selected for the forthcoming nationals on the basis of performance of the players in these championships. The Sector 38 complex trainees dominated in most of the finals." Vaishali Aggarwal, Director, Scott-Edil Pharmacia Ltd, awarded the winners.




Winners of the Chandigarh State Badminton Championships flaunt their medals and trophies at the Sector 38 Sports Complex in Chandigarh on Sunday. TRIBUNE PHOTO: PRADEEP TEWARI

### RIDHIMA, RANA BEST PLAYERS

Ridhima Saini (TSBA Academy) from SGGS School, Sector 35, and Rana Rudra Pratap (Sector 38 Sports Complex) from St John's School, Sector 26, were declared best players of the tournament. Master players of Chandigarh, namely Ashish Sharma, Varun Sharma, Bhavna Sharma, Sargun Arora and Geeta Mahajan, who excelled in various international tournaments, were also honoured at the function.

# डीएवी पब्लिक स्कूल 39डी में हरियाली तीज की धूम



चण्डीगढ़(एचकेए ब्यूरो)। डीएवी 39 डी में हरियाली तीज का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता लाना था। बच्चे पारंपरिक पंजाबी पोशाक पहन कर आए। बच्चों द्वारा समूह गान तथा पंजाब का लोकप्रिय नृत्य गिद्दा और भंगड़ा प्रस्तुत किया गया। इस उत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। माताओं के लिए रैंप वॉक तथा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी ने सभी बच्चों, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय के सभी अध्यापक गण को तीज की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# डी.ए.वी. स्कूल में हरियाली तीज उत्सव मनाया



सैक्टर-39 स्थित डी.ए.वी. स्कूल के बच्चे तीज पर्व में हिस्सा लेते हुए।

चंडीगढ़, 9 अगस्त (आशीष): सैक्टर-39 स्थित डी.ए.वी. स्कूल में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता लाना था। बच्चे पारंपरिक पंजाबी पोशाक पहन कर आए।

बच्चों ने समूह गान और गिद्दा व भंगड़ा भी पेश किया। बच्चों के साथ-साथ माताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## माताओं के लिए रैंप वॉक और मेहंदी प्रतियोगिता

माताओं के लिए रैंप वॉक और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने बच्चों, अभिभावकों और स्टाफ को शुभकामनाएं दीं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल 39डी में हरियाली तीज की धूम, बच्चों को किया संस्कृति के प्रति जागरूकता




**चंडीगढ :** डीएवी 39 डी में हरियाली तीज का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता लाना था। बच्चे पारंपरिक पंजाबी पोशाक पहन कर आए । बच्चों द्वारा समूह गान तथा पंजाब का लोकप्रिय नृत्य गिद्दा और भंगड़ा प्रस्तुत किया गया। इस उत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं ने भी बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। माताओं के लिए रैंप वॉक तथा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने सभी बच्चों, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय के सभी अध्यापक गण को तीज की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# डीएवी स्कूल चंडीगढ़ में गूंजे देशभक्ति के तराने



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल 39डी के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने तिरंगा झंडा फहराया और बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान गाया गया और मार्च पास्ट की गई। इस दौरान बच्चों द्वारा स्वतंत्रता और स्वाधीनता के बारे में भाषण, कविताएं, स्वतंत्रता सेनानियों पर नाटक प्रस्तुति, देशभक्ति के गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किया गया